

## एक नजर में

### ज्वाइन करने के बाद पहली बार सिंगरौली आए आईजी



**सिंगरौली।** रीवा रेंज के आईजी गौरव राजपूत करीब तीन महीने बाद पहली बार आज दिन गुरूवार को सिंगरौली के जिला मुख्यालय बैढ़न पहुंचे हैं। दरअसल यहां बताते चले कि रीवा रेंज के आईजी गौरव राजपूत रीवा में कमान संभालने के बाद सिंगरौली में आज पहला दौरा कार्यक्रम था। बैढ़न-विंध्यनगर पहुंचने के बाद संभायुक्त के साथ मोरवा अंचल पहुंचे। सबसे पहले मोरवा थाना पहुंचे और कुछ देर बाद कोल साइडिंग का भी अवलोकन करने की चर्चा है। वही कल 8 अगस्त को पुलिस अधिकारियों की बैठक भी ले सकते हैं। सिंगरौली पहुंचने से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है।

### पिता के बाद बेटी ने उपचार के दौरान तोड़ा दम

**सिंगरौली।** सरई थाना क्षेत्र के ग्राम बभनी निवासी रामराज सिंह अपनी दो बेटियों को लेकर मोटरसाइकिल से पिछले दिनों घर जा रहा था कि महुली में एक ट्रक ने ठोकर मारकर घायल कर दिया था। जहां रामराज की घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी। वही मृतक की दो बेटिया गंभीर रूप से घायल हो गई थी। जिसमें काजल उम्र 11 वर्ष का ईलाज जीएमएच रीवा में चल रहा था कि आज दिन गुरूवार की सुबह 9 बजे काजल ने भी उपचार के दौरान दम तोड़ दी। उक्त घटना की जानकारी सरई पुलिस ने दी है। आज देर शाम काजल का शव उसके घर बभनी पहुंचा है।

### गनियारी में चार घंटे गुल रही बिजली

**सिंगरौली।** बैढ़न शहर की बिजली व्यवस्था इन दिनों चरमराई हुई है। शहर से लेकर ग्रामीण अंचल में बिजली गुल होना आम बात हो चुकी है। आज दिन गुरूवार को 12 बजे दोपहर से लेकर शाम 4 बजे तक बिजली गुल रही। इस दौरान उमस से लोग जहां परेशान रहे। उधर उपभोक्ताओं का कहना है कि बैढ़न शहर की बिजली व्यवस्था पूरी तरह से अस्त-व्यस्त है। शिकायत को एमपीईबी अमला गंभीरता से नही लेता है। जिसके चलते उपभोक्ता काफी परेशान हैं।

# कम्प्यूटर ऑपरेटर दो हजार रिश्वत लेते हुआ ट्रैप

## देवसर तहसील का मामला, सह खाते की भूमि ग्राम कटौली में बंटवारा प्रकरण के आदेश कराने मांगी थी घूस





नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 7 अगस्त। देवसर तहसीलदार के कार्यालय में पदस्थ कम्प्यूटर ऑपरेटर को लोकायुक्त पुलिस की टीम ने रंगे हाथों दो हजार लेते हुये ट्रैप कर लिया। ऑपरेटर प्रेमलाल सिंह प्रकरण के आदेश कराने के एवज में मांगा था 4 हजार रूपये घूस मांगा था। जहां शिकायतकर्ता कमल प्रसाद मिश्रा ने लोकायुक्त एसपी रीवा के यहां लिखित शिकायत किया था। लोकायुक्त पुलिस की इस कार्रवाई से सरकारी महकमे में हड़कंप मच गया है।**

लोकायुक्त पुलिस टीम के निरीक्षक संदीप सिंह भदौरिया से मिली जानकारी के अनुसार देवसर तहसील क्षेत्र के ग्राम कटौली निवासी कमल प्रसाद मिश्रा पिता स्व. ललनराम मिश्रा ने लोकायुक्त रीवा एसपी सुनील कुमार पाटीदार ने शिकायत किया था कि तहसील देवसर के तहसीलदार कार्यालय में पदस्थ कम्प्यूटर ऑपरेटर प्रेमलाल सिंह के द्वारा ग्राम कटौली हल्का हर्राचन्देल के सह खाते की भूमि के बटनवारा प्रकरण आदेश करवाने के एवज में चार हजार रूपये की मांग की गई।

लोकायुक्त एसपी ने शिकायत कर सत्यापन कराया और शिकायत सही मिलने पर आज लोकायुक्त में पदस्थ निरीक्षक संदीप सिंह भदौरिया के नेतृत्व में देवसर तहसील कार्यालय के लिए टीम रवाना की गई। जहां शिकायतकर्ता कमल प्रसाद मिश्रा से दो हजार रूपये रिश्वत लिया था, उसी दौरान कम्प्यूटर ऑपरेटर प्रेमलाल सिंह पिता श्यामनारायण सिंह को रंगे हाथों 2 हजार रूपये के साथ ट्रैप कर लिया गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक उपेन्द्र दुबे के साथ अन्य अमला भी मौजूद रहा। इस कार्रवाई से रिश्वतखोर अधिकारियों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोग बताते हैं कि कम्प्यूटर ऑपरेटर खुलेआम रिश्वत मांगता था। कई बार एसडीएम एवं तहसीलदार के यहां पीड़ित लोग शिकायत भी किये। लेकिन ऑपरेटर को हटाने के लिए जिम्मेदार अधिकारी साहस नही जुटा पा रहे हैं।

### सिंगरौली के कई दफ्तरों में रिश्वतखोरी चरम पर

जिले के कई दफ्तरों में रिश्वतखोरी इन दिनों चरम पर पहुंची है। एक वीडियों सीएससी चितरंगी का सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। जहां चिकित्सक डॉ. यशवंत सिंह पर 10 हजार रूपये मेडिकल बनाने के एवज में रिश्वत लेने का आरोप लगाया जा रहा है। हालांकि नवभारत इसकी पुष्टि नही करता। वही उप पंजीयक दफ्तर कई वर्षो से चर्चाओं में है। यहां जांच एजेंसियों की नजर नही पड़ रही है। जबकि पूर्व में ईओडब्ल्यू एवं लोकायुक्त के यहां शिकायते भी की जा चुकी हैं। इधर राखड़ एवं कोयला से जुड़े मामले में भी भारी भरकम नजराना लिया जा रहा है। इसे तो राखड़ एवं कोल वाहन से जुड़े कारोबारी ही अपनी पीड़ा बता सकते हैं। इसके अलावा राजस्व के कई हल्का पटवारियों पर भी नामांतरण, बटनवारा एवं सीमांकन के नाम पर रिश्वत मांगने की शिकायत कई बार कलेक्टर के जनसुनवाई में पहुंची है।



# लेदपुरवा कच्ची सड़क मार्ग पैदल चलने लायक भी नहीं

## चितरंगी विधानसभा क्षेत्र के बगदरा अंचल के सड़कों के सूरते हाल

नवभारत न्यूज

**चितरंगी 7 अगस्त। बगदरा अंचल के दैयनीय खस्ताहाल कच्ची सड़को पर इन दिनों पैदल चलना भी आसान नही है। कच्ची सड़के इतनी दल-दल हो चुकी हैं कि एक टोला से दूसरे टोला जाना भी मुश्किल हो गया है। अब पगडण्डी रास्ता ही सहारा है।**

जानकारी के अनुसार बगदरा अभ्यारण्य क्षेत्र के नेवारी सैरी टोला से लेदपुरवा पहुंच मार्ग की हालत इतनी खस्ता हो गई है कि बाईक एवं साइकिल से भी इस दल-दल कच्ची सड़क से नही चल सकते। यह समस्या इन दिनों बारिश के समय ज्यादा हो गई है। रामसुशील सिंह ने सोशल मीडिया में अपनी पीड़ा बया करते हुये कहा कि बगदरा अंचल के उक्त मार्ग के अलावा कुलकवार, करौंदिया, खरखौली समेत कई ऐसे कच्ची सड़के हैं। जहां गड्ढों में कीचड़ में तब्दील हो गई है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों पर उदासीनता का आरोप लगाया है।



# यदि सोच सकारात्मक हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता : मनीष

## डीपीएस निगाही में व्याख्यान श्रृंखला का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

**निगाही 7 अगस्त। एनसीएल निगाही क्षेत्र के दिल्ली पब्लिक स्कूल के ऑडिटोरियम में कोल इंडिया लिमिटेड के स्वर्ण जयंती समारोह के उपलक्ष्य में चल रहे समारोह की श्रृंखला में एक प्रेरक व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

जानकारी देते हुये विद्यालय के प्राचार्य सुखवंत सिंह थापर ने बताया कि इस प्रेरणादायक कार्यक्रम में एसपी मनीष खत्री मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत करते हुए अपने बहुमूल्य विचार साझा किए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों कर्मचारियों, युवाओं तथा समाज के विभिन्न वर्गों को प्रेरणा देना एवं सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथि को क्षेत्रीय महा प्रबंधक निगाही राजेंद्र वर्मा ने शाल-श्रीफल तथा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। एसपी ने बताया कि दृढ निश्चय, अनुशासन और समय प्रबंधन से कोई भी व्यक्ति अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। यदि सोच सकारात्मक हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। साथ ही कहा कि आज का युग प्रतिस्पर्धा का युग है, लेकिन साथ ही यह अवसरों का युग भी है। तकनीकी विकास और डिजिटल परिवर्तन ने युवाओं के लिए अनेक मार्ग खोले हैं। इस कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक निगाही राजेंद्र वर्मा, निगाही परियोजना के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, श्रमिक यूनियन निगाही के नेतागण, सीएमओ, आई के पदाधिकारी गण भी मौजूद रहे।

# राजस्व के लंबित प्रकरणों का निर्धारित समय में करें निराकरण : जामोद

## रीवा कमिश्नर ने कलेक्टोरेट कार्यालय में संचालित विभिन्न शाखाओं का किया निरीक्षण



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 7 अगस्त। जिले के प्रवास पर आए रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद के द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में संचालित विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया गया एवं संबंधित अधिकारियों को नस्तियों के प्रस्तुतिकरण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।**

कमिश्नर ने राजस्व न्यायालयो में प्रचलित राजस्व से संबंधित निगरानी के प्रकरणों को समय सीमा के भीतर निराकृत करने के निर्देश दिए। वहीं शाखाओं के कर्मचारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों एवं प्रकरणों को शाखा से संबंधित अधिकारी के पास समय पर प्रस्तुत करें। कमिश्नर श्री जामोद ने अपर कलेक्टर न्यायालय का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला मौजूद रहे।

### स्व सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों का किया अवलोकन



भ्रमण के दौरान कमिशनर ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत स्व सहायता समूहो द्वारा आयोजित तिरंगा विक्रय केन्द्र का अवलोकन किए एवं स्वयं समूह द्वारा निर्मित किए गए उत्पादो का अवलोकन कर श्रीअन्न से निर्मित लड्डू एवं हैन्डमेड राखी खरीद कर समूह को किए प्रोत्साहित। साथ ही वही अहिल्याबाई स्व सहायता समूह सेमुआर द्वारा माड़ा की गुफाएं पेंटिंग की गई थी, जिसे कलेक्टर ने सराहा है। उधर कमिशनर के निरीक्षण के समय कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### बच्चों का यूनिफॉर्म, अनुशासन, एकरुपता व आत्मसम्मान का प्रतीक है : इंदु

**अनपरा 7 अगस्त।** दिशिता महिला मंडल रेनुसागर द्वारा सीएसआर के तहत एक सराहनीय पहल करते हुए रेनुसागर प्राथमिक पाठशाला के 65 छात्र एवं छात्राओं को निःशुल्क यूनिफॉर्म वितरित किया। आयोजित कार्यक्रम में दिशिता महिला मंडल की वरिष्ठ सदस्या इंदु सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि बच्चों का यूनिफॉर्म अनुशासन, एकरूपता और आत्मसम्मान का प्रतीक होता है। जब आप सभी एक जैसे परिधान में विद्यालय आते हैं, तो आप सभी के बीच कोई भेद नहीं रह जाता।






# क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक ने किया विंध्याचल का निरीक्षण



नवभारत न्यूज

**विंध्यनगर 7 अगस्त। एनटीपीसी विंध्याचल में बीते दिन बुधवार को गौतम देब क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक एवं कार्यकारी निदेशक पीएम का स्वागत किया गया। उनकी यह यात्रा स्टेशन की व्यापक समीक्षा और रणनीतिक संवाद के उद्देश्य से आयोजित की गई।**

निरीक्षण के दौरान श्री देब ने एफजीडी परियोजना स्थल यूनिट 11 जिप्सम अनलोडिंग एरिया, स्टेज-3 एवं व्ही के नियंत्रण कक्ष तथा कार्बन-टू-मेथनॉल प्लांट का दौरा किया। उन्होंने नियंत्रण कक्ष में उपस्थित अधिकारियों से बातचीत कर उनकी कार्यशैली और प्रतिबद्धता की सराहना की। तत्पश्चात उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें परिचालन दक्षता, नवाचार और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा हुई। साथ ही श्री देब ने वीएसआर ओवरहालिंग टीम, यूनियन व एसोसिएशन प्रतिनिधियों तथा युवा व महिला अधिकारियों से भी मुलाकात की। उन्होंने टीम भावना, समावेशी कार्य संस्कृति और सामूहिक प्रयासों को सफलता की कुंजी बताया।

# कानून व्यवस्था बनाने के होंगे प्रयास : गौरव



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 7 अगस्त। बीते बुधवार की सुबह रीवा से स्थानांतरित होकर आए आईपीएस गौरव पाण्डेय ने मोरवा पहुंचकर बतौर एसडीओपी का पदभार ग्रहण कर लिया। इसके बाद उन्होंने सिंगरौली एसपी से मुलाकात कर आवश्यक दिशा निर्देश लिए।**

गौरतलब है कि बीते माह 28 जुलाई को पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी आदेश में जहां 2022 बैच के आईपीएस अफसर गौरव पाण्डेय को रीवा से स्थानांतरित कर मोरवा एसडीओपी का पदभार सौंपा गया था। देर शाम एसडीओपी कार्यालय मोरवा पहुंचे, गौरव पाण्डेय ने मोरवा निरीक्षक उमेश प्रताप सिंह समेत माड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक शिव पूजन मिश्रा के साथ समीक्षा बैठक की। वहीं आज दिन गुरुवार की सुबह औपचारिक वार्ता में नवागत एसडीओपी गौरव पाण्डेय ने बताया कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र में हो रही सड़क दुर्घटनाओं और उसके उत्पन्न हो रहे लॉ एंड आर्डर में कमी लाने समेत लंबित अपराधों के निराकरण की रहेगी।

# कलिंगा कंपनी से एक सैकड़ा श्रमिकों की छुट्टी

नवभारत न्यूज

**शक्तिनगर 7 अगस्त। एनसीएल खड़िया परियोजना के अंतर्गत कार्यरत कलिंगा कॉमर्शियल कंपनी में भर्ती घोटाले का मामला सामने आया है। आरोप है कि कंपनी में 5-6 महीने पहले हुई भर्ती में पैसा लेकर लोगों को नौकरी दी गई थी। इस मामले में कई ऑडियो वायरल हुई थीं और संबंधित अधिकारियों पर मुकदमा भी दर्ज हुआ था।**

सूत्रों के अनुसार अब कंपनी के हेड एचआर अधिकारी अभिनव गोस्वामी के निर्देश पर करीब 100 मजदूरों को अचानक नौकरी से बाहर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि इन मजदूरों ने अपनी जमा पूंजी लगाकर नौकरी हासिल की थी, लेकिन कुछ ही महीनों में उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया गया और फिर उनसे पैसा लेकर उन्हें फिर से नौकरी दी जा रही है।

मजदूरों का कहना है कि अब वे न घर लौट पा रहे हैं और न ही कहीं और काम मिल रहा है, जिससे उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। वहीं अधिकारियों पर यह भी आरोप है कि उन्हें न तो किसी कार्रवाई का भय है और न ही मजदूरों की दुर्दशा पर कोई दया। इतना नहीं पीड़ित मजदूरों ने ये भी आरोप लगाया है कि उन्हें महीनों से वेतन भी नहीं मिला है।